# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

## प्रशिक्षुओं को कराया जीवन रक्षक का अभ्यास

### फतेहगढ़ अग्निशमन केंद्र पर व्यावहारिक प्रशिक्षण के नए बैच का शुभारंभ आज से

संवाद न्यूज एजेंसी



बीए सेट लगाकर आग बुझाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। स्रोत विभाग

**फर्रुखाबाद।** जान-माल की क्षति को न्यूनतम करने के उद्देश्य से फतेहगढ़ अग्निशमन केंद्र पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी आशीष वर्मा व फायरमैन आशीष उपाध्याय ने प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को अग्नि सेवा की स्थापना व संगठन, घटनास्थल पर कार्यप्रणाली और सुरक्षित ढंग से आग को नियंत्रित करने की सभी आवश्यक तकनीक विस्तार से सिखाई गईं। होज पाइप को सही ढंग से बिछाना और घटनास्थल पर पानी देकर आग को नियंत्रित करना, आग के नियंत्रण के पश्चात होज पाइप से पानी का बंद-करना, पाइप को फोल्ड कर सुरक्षित स्थान पर रखना आदि प्रक्रियाएं फायर मैदान पर व्यावहारिक रूप में करवाई गईं। फायरमैन आशीष उपाध्याय ने बीए सेट (ब्रीदिंग अपरेटस उपकरण) के प्रकार, पहनने का सही तरीका समझाया। प्रशिक्षुओं ने इसे पहनकर जहरीली गैस, धुएं और ऑक्सीजन की कमी वाले स्थानों में इसका प्रयोग कर अभ्यास किया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी आशीष वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण केवल तकनीकी कौशल तक सीमित नहीं है बल्कि प्रशिक्षुओं को रिवीजन भी कराया गया। सप्ताह भर का सत्र रिवीजन पूरा कर आज के व्यावहारिक अभ्यास से प्रशिक्षुओं की तैयारी और मजबूत हुई है। बताया कि सोमवार को नए बैच का शुभारंभ होगा।

## दरोगा ने घायल को दिया सीपीआर



घायल नितेश की पंपिंग करते दरोगा मिथिलेश यादव। संवाद

**शमसाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सिलसंडा निवासी नितेश कुमार (35) रविवार को बाइक से शमसाबाद जा रहे थे। फैजबाग-शमसाबाद मार्ग पर बाइक बेकाबू होकर गिर गई। इससे नितेश कुमार घायल हो गए।

मौके पर दरोगा मिथिलेश यादव पहुंचे। सांस लेने में दिक्कत होने पर दरोगा ने नितेश को करीब 10 मिनट सीपीआर दिया। इससे नितेश को कुछ राहत मिली। इसके बाद दरोगा ने घायल को सीएचसी भिजवाया। घायल हेलमेट भी नहीं लगाए था। (संवाद)

**सड़क हादसों में तीन लोग घायल) कायमगंज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। गांव भटासा निवासी अर्जुन सिंह की पुत्री सिद्धि (10), आसफपुर निवासी श्रीकृष्ण (16) पुत्र रघुवीर सिंह और प्रेमनगर निवासी राकेश कुमार (33) दुर्घटनाओं में जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों व 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। (संवाद)

मीडिया सेल फतेहगढ़

@fatehgarhpolice @fatehgarhpolice Contact no- 7839856742

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

## दरोगा ने युवक को गंगा में डूबने से बचाया

**शमसाबाद, संवाददाता।** शमसाबाद के दरोगा मिथलेश कुमार ने ढाईघाट की गंगा नदी में डूब रहे एक युवक की जान की बाजी लगाकर बचा लिया।

कायमगंज के चिलांका निवासी आनंद कुमार मोहल्ले से गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए ढाईघाट गंगानदी पर पहुंचे थे। प्रतिमा विसर्जन के बाद साथ और लोग गंगा स्नान कर रहे थे। गंगा स्नान के लिए आनंद भी पानी में गए थे। बाढ़ के बीच उफनायी गंगा में उसका पैर फिसल गया। इससे वह गंगा के तेज बहाव में बहने लगा। ढाईघाट पर ड्यूटी पर तैनात शमसाबाद थाने के उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार ने जब शोर शराबा सुना और युवक को पानी में बहता देखा तो दरोगा ने अदम्य साहस का परिचय देते हुये अपनी वर्दी उतारी और गंगा में छलांग लगा दी। करीब बीस मिनट के अंदर दरोगा ने पानी में बह रहे आनंद कुमार को सकुशल बाहर निकाल लिया। इस बीच दरोगा ने पानी में रस्सी फिकवायी और आनंद को उसके सहारे निकालकर सकुशल बाहर ले आये। दरोगा के इस साहस को देखते हुये गंगाघाट पर भारी संख्या मे लोगों की भीड़ लग गयी। दरोगा ने कहा कि यह उनका फर्ज था। उसे आनंद को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। उसे सकुशल घर भेज दिया गया है।



गंगा में डूब रहे आनंद को बचाकर निकालकर लाये उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार।

## विसर्जन के दौरान गंगा में डूबे युवक को बचाया

**संवाद सूत्र, जागरण • शमसाबाद :** मूर्ति विसर्जन करने आए युवक गंगा में स्नान करने लगे। एक युवक अचानक गहरे पानी में चला गया। जिसे देखकर वहां मौजूद दारोगा गोताखोरों के साथ गंगा में घुस गए और उसे सकुशल निकाल लिया।

कायमगंज के मुहल्ला चिलांका निवासी आनंद कुमार मूर्ति विसर्जन करने के लिए अपने मुहल्ले के लोगों के साथ ढाई घाट आए थे। विसर्जन के बाद सभी युवक गंगा में स्नान करने लगे। आनंद अचानक गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। वहां मौजूद दारोगा मिथिलेश कुमार यादव गोताखोरों के साथ गंगा में घुस गए और उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। आनंद अपनी गलती मानने के बाद साथियों के साथ चला गया।

मीडिया सेल फतेहगढ़